प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 21.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

.......................

- सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नागरिक शिक्षा को अनिवार्य बताया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई **राज उन्नति** की बैठक में प्रदेश की 84 हजार करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं की समीक्षा की गई।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम **मन की बात** में कल देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
- सीकर जिले का प्रसिद्ध खाटूश्याम फाल्गुनी मेला आज से–28 फरवरी तक चलने वाले मेले में देश के कोने कोने से लाखों श्रद्धालु पंहुचेंगे।

.........................

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि डिजिटल क्रांति ने हमे अनेक सुविधाएं दी है। किन्तु इसके दुरूपयोग से कई चुनौतियां भी सामने आई है। उन्होंने साईबर सुरक्षा के लिए व्यापक जागरूकता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का प्रभावी कवच है। सीजेआई सूर्यकांत कल जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में तीन दिन की राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नागरिक शिक्षा को अनिवार्य हिस्सा बनाना होगा। इसके लिए लोगों को स्थानीय भाषा में समझाना आवश्यक है।

.........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि साईबर सुरक्षा के लिए सरकार न्यायपालिका और समाज को मिलकर काम करना होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान में साइबर न्यायालय की स्थापना की घोषणा की।

..................

कार्यक्रम के दौरान, राजस्थान राज्य विधि सेवा प्राधिकरण ने ऑनलाइन मध्यस्थता और लोक अदालत मंच "ई–समाधान" का शुभारंभ किया।

....................

मुख्यमंत्री श्री शर्मा की अध्यक्षता में कल राज उन्नति की दूसरी बैठक हुई। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई इस बैठक में प्रदेश की 84 हजार करोड़ से अधिक की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को राजस्थान संपर्क हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कलेक्टरों को नियमित जनसुनवाई करने और विभाग स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। बैठक में ऊर्जा, टैक्सटाइल पार्क, खनन क्षेत्र और कौशल प्रशिक्षण के लक्ष्यों को भी समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कालीबाई भील उडान योजना के तहत महिलाओं और बालिकाओं के लिए निशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए।

.................

प्रदेश में आम लोगों की शिकायतों का समय पर समाधान हो सके इसके लिए राजस्थान संपर्क पोर्टल पर प्रदेश के 35 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कल इस बारे में आदेश जारी किये। इसके अनुसार 4 मार्च से 28 अप्रैल तक राजस्थान संपर्क हैल्पलाईन 181 पर विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान सचिव से लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी अलग–अलग दिनों में कॉल सेंटर पर बैठकर आमलोगों की शिकायतें सीधे सुनेंगे।

.................

राज्य विधानसभा में आज राजस्व विभाग की अनुदान मांगों पर विचार किया जायेगा। इसके बाद इन्हें पारित करवाया जायेगा। इसके अलावा सदन में आज मौजूदा राज्य सरकार के दो साल के कामकाज पर चर्चा होगी। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल **दो वर्ष–प्रगति एवं उत्कर्ष** प्रतिवेदन 2024–25–26 सदन में रखेंगे। इससे पहले विधानसभा में विभिन्न याचिकाओं का उपस्थापन भी किया जायेगा। सदन में आज प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं होगा।

..................

भारतीय सेना की एयर डिफेंस यूनिट ने जैसलमेर के रेगिस्तान में युद्ध तैयारी और मारक क्षमता का प्रदर्शन किया। इसमें सेना के जांबाजों ने आधुनिक हथियार प्रणालियों के जरिये आसमान से आने वाले हर खतरे को नेस्तनाबूद करने का अभ्यास किया। इस सैन्य अभ्यास में कोणार्क कोर के डेजर्ट वॉरियर्स और ब्लेजिंग स्काइज ब्रिगेड के जवानों ने भाग लिया। उन्होंने सटीक निशानेबाजी फायरिंग पर त्वरित प्रतिक्रिया और ऑपरेशनल दक्षता साबित की।

.................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

....................

राजस्थान के विनोद जाखड को कांग्रेस के छात्र संगठन **नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया–** एनएसयूआई का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने इस बारे में आदेश जारी किये। श्री जाखड़ अब तक एनएसयूआई के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष थे। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए थे। विनोद जाखड़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अब राजस्थान में एनएसयूआई के नए प्रदेशाध्यक्ष को लेकर हलचल तेज हो गई है। संगठन में कई युवा नेता इस पद के दावेदार बताए जा रहे हैं।

.................

सीकर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खाटूश्याम जी का फाल्गुनी मेला आज से शुरू हो रहा है। ये मेला 28 फरवरी तक चलेगा। इसमें देश के कोने कोने से लाखों श्रद्धालु पंहुचेंगे। भक्तों की भारी आवक को देखते हुए पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात, दर्शन व्यवस्था और भीड प्रबंधन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। पद यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए रींगस से खाटू तक 17 किलोमीटर लम्बा विशेष कॉरिडोर बनाया गया है, जो पूरी तरह से वाहनों से मुक्त रहेगा। मेले में पांच हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किये गए है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने खाटूश्याम मेले में आने वाले श्रृद्धालुओं से निर्धारित मार्गो और पार्किंग जोन का पालन करने तथा अनुशासन बनाये रखने की अपील की है। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से खाटूश्याम मेले और होली पर्व पर बढते यात्री भार को देखते हुए कई विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए और रेलगाडियां चलाने के प्रयास किये जा रहे है।

..................